# जेज़ी तारा

## माँ का प्यारा, दादी का दुलारा



# जेज़ी तारा
## एन एन्ग्री यंग मैन




तो, ये लो!
जेज़ी तुम गलत चाल चल रहे हो।
नहीं, मैं नहीं तुम गलत चाल चलती हो।


जेजी और जायरा क्या हुआ बच्चो? तुम दोनों क्यों लड़ रहे हो?


देखों न माँ, जायरा चीटिंग कर रही है। मैं उसको हराने ही वाला था।


नहीं माँ, ये झूठ बोल रहा है। मैंने कोई चीटिंग नहीं की,
बल्कि ये खुद चीटिंग कर रहा है और इल्जाम मेरे ऊपर डाल रहा है।


जायरा आगे से तुम मेरे साथ मत खेलना, निकल जाओ मेरे कमरे से।
शांत हो जाओ जेजी!
जेजी मैं तुमसे बहुत नाराज़ हूँ। तुम्हें इस तरह अपनी बहन के साथ व्यवहार नहीं करना चाहिए था। ये सिर्फ एक खेल ही तो था। अगर तुम हार भी जाते तो क्या होता, और तुमने गुस्से में आकर अपनी शतरंज ही फाड़ डाली, अब तुम शतरंज कैसे खेलोगे।
मुझे माफ कर दो मम्मी! पता नहीं मुझे इतना गुस्सा क्यों आता है। और न ही मैं अपने गुस्से पर नियंत्रण कर पाता हूँ।


बेटा जेजी, अगर जब भी तुम्हें गुस्सा आए तो अपना बायाँ कान रगड़ते हुए बीस से उल्टी गिनती गाना शुरू कर दो, देखना तुम्हारा गुस्सा शांत हो जाएगा।


लेकिन अब मैं जायरा से अपनी गलती की माफी माँगकर आता हूँ। मैंने उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया।
शाबाश! बेटा जेजी, जल्दी जाओ।


फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हज़ारों में मेरी बहना है।






प्यारे बच्चों!
हमें गुस्सा नहीं होना चाहिए।
गुस्सा होने से हमारा ही
नुकसान होता है।

# जेज़ी तारा और साइकिल रैस







पर बेटा जेजी, तुम तो साइकिल रेस की प्रेक्टिस भी नहीं करते हो!
नहीं दादी माँ, मुझे प्रेक्टिस की कोई जरूरत नहीं, I am no. 1 cycler.


Jazy
Bunty
Kapil
Jazy
Rio


BANG
TARA KIDS Cycle Race
the growth clinic
Rank Cycler
1 Jazy
2 Rio
3 Bunty
4 Kapil
TARA KIDS Cycle Race
the growth clinic
Rank Cycler
1 Rio
2 Bunty
3 Kapil
4 Jazy
ऑह शिट


क्या हुआ बेटा जेजी?
कुछ नहीं दादी माँ, मैं बहुत थक गया था और मुझसे साइकिल भी नहीं चलाई जा रही थी।


मैंने तो तुमसे पहले ही कहा था जेजी, कि तुम्हें प्रेक्टिस करते रहना चाहिए। पर तुमने टीवी और विडियो गेम्स देखने में हद ही कर दी और देखो तुम रेस हार गए। ऊपर से तुमने जंक फूड खा-खाकर अपना स्टेमिना भी खराब कर लिया है।


हाँ दादी मुझे अब सब समझ आ गया। यह मेरी ही गलती है। मैं अब कभी भी अपने ऊपर घमंड नहीं करूँगा। और जो भी कार्य करूँगा पूरी मेहनत और लगन के साथ करूँगा।


और हाँ टीवी या विडियो गेम्स एक घण्टे से ज्यादा नहीं देखूँगा।






प्यारे बच्चो!
यह समय अभी आपके खेलने-कूदने का है, टीवी या विडियो गेम्स में एक घण्टे से ज्यादा समय न लगाएँ। टीवी या विडियो गेम्स के लिए आपके पास बड़े होकर काफी समय होगा।

## प्यारे बच्चों क्या आप भी जेज़ी तारा की तरह बनना चाहते हो?

ठीक है। आज मैं आपको जेजी तारा की सभी अच्छी आदतों के बारे में बताता हूँ। इन आदतों को आप भी अपने ऊपर लागू करके जेजी तारा की तरह अच्छे, स्वस्थ, सुन्दर व सुपर हीरो बन सकते हो।

- जेजी तारा सुबह जल्दी उठता है।
- जेजी तारा सुबह व रात को सोने से पहले हमेशा ब्रश करता है।
- जेजी तारा रोजाना व्यायाम करता है।
- जेजी तारा रोजाना नहाता है।
- जेजी तारा रोजाना प्रार्थना करता है।
- जेजी तारा रोजाना स्कूल जाता है।
- जेजी तारा बाहर की बनी चीजें न खाकर घर का बना खाना खाता है।
- जेजी तारा रोजाना समय पर पढ़ता व समय पर खेलता है।
- जेजी तारा हमेशा दूसरों की मदद करता है।
- जेजी तारा सही समय पर सोता है।

और हाँ प्यारे बच्चों जीत कोई जादू नही है बस जीतने की हिम्मत रखो। आप जीत जाओगे...




Composed by : Ali Graphics #8923452624



प्यारे बच्चों! आप सब जेजी तारा की तरह आज्ञाकारी व सुन्दर बने और सुपरहीरो कहलायें!

डा० अनुज रस्तोगी
Taara Kids
www.tarachildcare.com